दिनांक- 18.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या-76/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल- कुलपहाड़, थाना-पनवाड़ी

## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुई है।

उक्त अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गठित टीम द्वारा वरि0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा एवं उ0नि0 रामकिशन यादव मय हमराह का0 इन्द्रपाल चौहान के साथ प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र में मामूर होकर मुहल्ला बजनापुरा पहुंचकर 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त किशोरीलाल पुत्र स्व0 रामचरन अहिरवार निवासी मुहल्ला बजनापुरा कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा, जो कि मु0नं0 3334/2022 व मु0अ0सं0 249/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित था, को मुहल्ला बजनापुरा से दिनांक 18.05.2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. वरि0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
2. उ0नि0 रामकिशन यादव, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
3. का0 इन्द्रपाल चौहान, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

### वांछित/वारण्टी अभियुक्त-

किशोरीलाल पुत्र स्व0 रामचरन अहिरवार निवासी मुहल्ला बजनापुरा कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।



दिनांक- 18.05.2026

# महोबा पुलिस

## सर्किल- कुलपहाड़, थाना-अजनर

### मिशन शक्ति केन्द्र की काउंसलिंग से दाम्पत्य विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान, साथ रहने पर बनी सहमति

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के नेतृत्व में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।
- दिनांक 18.05.2026 को थाना स्थानीय पर आवेदिका श्रीमती नीरज पत्नी विनोद निवासी ग्राम टिकरिया, थाना अजनर जनपद महोबा द्वारा अपने पति विनोद के विरुद्ध परेशान करने एवं साथ न रखने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई थी।
- प्राप्त सूचना के क्रम में दोनों पक्षों को थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में बुलाकर मिशन शक्ति टीम द्वारा सम्मानपूर्वक काउंसलिंग की गई। इस दौरान दोनों पक्षों की बात सुनते हुए उन्हें समझाया-बुझाया गया।
- काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या लड़ाई-झगड़ा न करने तथा आपसी समझ के साथ साथ रहने की सहमति व्यक्त की।
- आवेदिका द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही न करने की बात कही गई। उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल का परिणाम है, जिससे पारिवारिक समरसता को बढ़ावा मिला है।



दिनांक- 18.05.2026

# महोबा पुलिस

## सर्किल- चरखारी, थाना-चरखारी

## मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से दाम्पत्य एवं पारिवारिक विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान, काउंसलिंग के बाद आपसी सहमति बनी

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी के नेतृत्व में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरखारी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।
- दिनांक 18.05.2026 को थाना स्थानीय चरखारी पर आवेदिका श्रीमती सुधा पत्नी शिवकुमार निवासी मोहल्ला जैन नगर, थाना चरखारी जनपद महोबा द्वारा अपने पति शिवकुमार एवं देवर रवि निवासी मोहल्ला जयेंद्र नगर, थाना चरखारी जनपद महोबा के विरुद्ध परेशान करने एवं साथ न रखने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई थी।
- प्राप्त सूचना के क्रम में उभय पक्षों को थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में बुलाकर मिशन शक्ति टीम द्वारा सम्मानपूर्वक काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की बात सुनते हुए उन्हें समझाया-बुझाया गया।
- काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या लड़ाई-झगड़ा न करने तथा आपसी समझ के साथ शांतिपूर्वक रहने की सहमति व्यक्त की।
- आवेदिका द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही न करने की बात कही गई।
- उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल का परिणाम है, जिससे पारिवारिक समरसता को बढ़ावा मिला है।



दिनांक- 18.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या-77/26

# महोबा पुलिस

## सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित राहत हेतु महोबा पुलिस की पहल-

## IRAD/EDAR फीडिंग व कैशलेस इलाज योजना पर दिया गया प्रशिक्षण

आज दिनांक 18.05.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति में जनपद के समस्त थानों से विवेचकगण एवं कंप्यूटर ऑपरेटर्स को आमंत्रित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित IRAD/EDAR फीडिंग प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित एवं कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने हेतु संचालित प्रधानमंत्री राहत योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को IRAD फीडिंग को CCTNS प्रणाली से जोड़ने की प्रक्रिया, डेटा की शुद्धता, समयबद्ध प्रविष्टि एवं तकनीकी पहलुओं के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क दुर्घटना से संबंधित प्रत्येक प्रकरण में IRAD/EDAR पोर्टल पर समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत डेटा फीडिंग सुनिश्चित करें, जिससे दुर्घटनाओं के विश्लेषण, रोकथाम एवं पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान की जा सके।

महोबा पुलिस द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर सड़क सुरक्षा एवं जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।





दिनांक- 18.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या-78/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल- चरखारी, थाना-श्रीनगर

## महोबा पुलिस की सक्रियता से दो गुमशुदा महिलाएं सकुशल बरामद, परिजनों में खुशी की लहर...।

महोबा पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश एवं उनकी सकुशल बरामदगी हेतु लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वंदना सिंह तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए दो गुमशुदा महिलाओं को सकुशल बरामद किया गया।

थाना श्रीनगर पर पंजीकृत गुमशुदगी क्रमांक 22/2024 से संबंधित गुमशुदा संतोषी पत्नी मुन्नापाल निवासी ग्राम पूराखेड़ा, थाना बल्देवगढ़, जनपद टीकमगढ़ एवं गुमशुदगी क्रमांक 21/2025 से संबंधित गुमशुदा पूजा पत्नी कल्लू यादव निवासी ग्राम पवा, थाना श्रीनगर, जनपद महोबा को आज दिनांक 18.05.2026 को पुलिस टीम द्वारा सकुशल बरामद किया गया।

बरामदगी के उपरांत गुमशुदा संतोषी को उनके माता सावित्री एवं पिता कमलापति निवासी ग्राम पुरनिया, थाना पलेरा, जनपद टीकमगढ़ तथा गुमशुदा पूजा को उनके पति कल्लू यादव के नियमानुसार सुपुर्द किया गया।

गुमशुदा महिलाओं की सकुशल बरामदगी पर परिजनों द्वारा महोबा पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं प्रभावी कार्यवाही की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

**बरामदगी करने वाली संयुक्त पुलिस टीम-**

**प्रथम टीम-**

1.उ0नि0 हाकिम सिंह

2.कां0 बृजेश

**द्वितीय टीम-**

1.उ0नि0 सत्यप्रकाश दीक्षित

2.कां0 शुभम यादव




